# प्रीलिम्स फैक्ट्स : 22 मार्च, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-22-03-2018

**अंतर्राष्ट्रीय योग समारोह**

हाल ही में नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई), 2018 के पूर्वावलोकन के लिये एक तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग समारोह का उद्घाटन किया गया।

- राष्ट्रीय मोरारजी देसाई योग संस्थान द्वारा आयोजित यह तीसरा अंतर्राष्ट्रीय योग समारोह है और इस समारोह की लोकप्रियता प्रतिवर्ष बढ़ती ही जा रही है।
- इस तीन दिवसीय समारोह का आयोजन राष्ट्रीय मोरारजी देसाई योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) द्वारा किया जा रहा है जिससे कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का समारोह मनाने के बारे में आम लोगों को संवेदनशील बनाया जा सके।
- अंतर्राष्ट्रीय योग समारोह के दौरान विख्यात योग गुरुओं एवं योग उस्तादों द्वारा समानांतर योग कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।
- एनसीईआरटी योग ओलंपियाड, विभिन्न जागरूकता शिविरों, योग पर अंतर्राष्ट्रीय शिविरों, योग पर पुस्तकों के प्रकाशन एवं योग के लिये प्रधानमंत्री पुरस्कार जैसी कई नई पहलों को आरंभ किया गया है।
- मंत्रालय द्वारा मधुमेह जैसी बीमारियों को नियंत्रित करने के लिये एक शून्य – लागत स्वास्थ्य आश्वासन मॉडल भी अपनाया है।

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन, 2018

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) के तत्वावधान में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और आई4सी, माईगव (MyGov), परसिस्टेंट सिस्टम्स और रामभाऊ म्हाल्गी प्रबोधिनी के सहयोग से स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन, 2018 का आयोजन किया जा रहा है।

- 27 केंद्रीय मंत्रालय एवं विभाग और 17 राज्य सरकारें इस भव्य पहल से जुड़ गई हैं। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन, 2018 अपने पिछले संस्करण के मुकाबले काफी बड़ा है।
- इसमें दो उप-संस्करण शामिल हैं। इनमें से एक सॉफ्टवेयर संस्करण है, जो 36 घंटे की सॉफ्टवेयर उत्पाद विकास प्रतिस्पर्द्धा को अभिव्यक्त करता है और इसका आयोजन 30 एवं 31 मार्च, 2018 को किया जाएगा।
- इनमें एक हार्डवेयर संस्करण भी शामिल है, जिसका वास्ता हार्डवेयर समाधानों के विकास से है। इस संस्करण का आयोजन चालू वर्ष के उत्तरार्द्ध में किया जाएगा।
- सॉफ्टवेयर संस्करण ग्रैंड फिनाले के दौरान हजारों प्रौद्योगिकी विद्यार्थियों की टीमें केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा प्रस्तुत की गई समास्याओं के लिये अभिनव डिजिटल सोल्यूशन्स पेश करेंगी।
- स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन, 2017 के आयोजन के बाद स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 भारत में दूसरी व्यापक हैकाथॉन पहल साबित होगी।

## भारत-विकास फाउंडेशन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विदेशों में रहने वाले भारतीयों के भारत-विकास फाउंडेशन (आईडीएफ-ओआई) को बंद करने की मंज़ूरी दे दी है, ताकि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और स्वच्छ भारत मिशन जैसे सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों के लिये प्रवासी भारतीयों के योगदान को दिशा देने के लिये तालमेल बढ़ाया जा सके।

- सरकार ने 2008 में मंत्रिमंडल की मंज़ूरी से आईडीएफ-ओआई की स्थापना एक स्वायत्तशासी गैर-लाभकारी न्यास के रूप में की थी, ताकि भारत की सामाजिक और विकास परियोजनाओं में प्रवासी भारतीयों के स्वेच्छा से योगदान को सरल बनाया जा सके।
- चूँकि, विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय से दान के रूप में फाउंडेशन को दिसंबर 2008 से मार्च 2015 के बीच केवल 36.80 लाख रुपए प्राप्त हुए थे। आईडीएफ-ओआई की 2015 में एक विस्तृत समीक्षा की गई।
- सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और स्वच्छ भारत मिशन जैसे प्रमुख कार्यक्रमों को बढ़ावा देने; राज्य सरकारों द्वारा पहचानी गई सामाजिक और विकास परियोजनाओं को आईवीएफ-ओआई के आदेश-पत्र में शामिल कर लिया गया।
- हालाँकि, अप्रैल 2015 और मार्च 2018 के बीच न्यास को 10.16 करोड़ रुपए प्राप्त हुए, इनमें से प्राप्त अधिकांश राशि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन अथवा स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ी थी, जिनका प्रबंध उनसे संबंधित एजेंसियों द्वारा अलग-अलग किया जा रहा था।
- तालमेल बढ़ाने, क्षमता में सुधार लाने और काम का दोहरीकरण रोकने के लिये आईडीएफ-ओआई के न्यास बोर्ड की 9वीं बैठक में न्यास को 31 मार्च, 2018 को बंद करने का फैसला किया गया।

### दुनिया की सबसे तेज़ हाइपरसोनिक विंड टनल

हाल ही में शिन्हुआ न्यूज़ एजेंसी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार, चीन सुपर फास्ट एयरप्लेन की नई पीढ़ी को विकसित करने हेतु दुनिया की सबसे तेज विंड टनल का निर्माण कर रहा है। एक अहम् तथ्य यह है कि इसका इस्तेमाल हाइपरसोनिक मिसाइल प्रौद्योगिकी के लिये भी किया जाने की संभावना है।

### विंड टनल का उपयोग

- विंड टनल यह पता करने में सहायक सिद्ध होगा कि किसी भी ठोस ऑब्जेक्ट से विंड किस प्रकार गुजरती है, इस जानकारी से डिज़ाइनर वायुगतिकी में सुधार किया जा सकता हैं अथवा हवा के उच्च गति तक पहुँचने से ऑब्जेक्ट्स में पैदा हुए तनाव को कम किया जा सकता है।
- इसके माध्यम से विमान या मिसाइल को कुछ ऐसे आकार के अनुरूप तैयार किया जा सकता है, जिससे वे तीव्र रफ़्तार पकड़ सकें।
- शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह दुनिया की सबसे तेज़ हाइपरसोनिक विंड टनल होगी। इस टनल की लंबाई 265 मीटर और गति, ध्वनि की गति से भी 25 गुना अधिक होगी।
- इस तकनीक की सहायता से विमान द्वारा बीजिंग से न्यूयार्क तक का सफर महज़ दो घंटे में पूरा किया जा सकेगा, जबकि किसी भी कॉमर्शियल एयरलाइन फ़्लाइट द्वारा इसमें 13 घंटे से भी अधिक का समय लगता है।
- जापान की एक रिपोर्ट के अनुसार, गत वर्ष ही चीन ने एक हाइपरसोनिक मिसाइल डीएफ -17 का परीक्षण किया है।
- यह खबर ऐसे समय में सामने आई है जब दुनिया के अग्रणी सैन्यशक्ति वाले देश मिसाइलों तथा जासूस विमानों की सहायता से हाइपरसोनिक हथियारों की अगली पीढ़ी विकसित करने की होड़ में लगे हुए हैं। ऐसे में चीन का यह प्रयास मानवता के लिये अभिशाप साबित होगा या वरदान, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।